Phone : 0591-2485594

# उत्तर प्रदेश प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड

1-ए/आई.एन.एस.-1, आवास विकास कालोनी, बौद्ध विहार, दिल्ली रोड, मुरादाबाद

**UTTAR PRADESH POLLUTION CONTROL BOARD**

**1-A/I.N.S.-1, Avas Vikas Colony, Bauddha Vihar, Delhi Road, Moradabad**

सन्दर्भ 1781/D-25/संभल/संभल दिनांक 31/1/18

सेवा में,

अपर जिला मजिस्ट्रेट (वि/रा),
सम्भल।

विषयः ग्राम पवांसा, तहसील व जनपद सम्भल में गाटा नं0 325 पर मैसर्स भारत पैट्रोलियम कार्पोरेशन लिमिटेड, मेरठ के रिटेल आउटलेट (पेट्रोल पम्प) हेतु अनापत्ति प्रमाण पत्र के सम्बन्ध में।

महोदय,

कृपया अपने पत्रांक 387/एल.बी.सी./2017-18/अ.आ.प्र.पत्र दिनांक 12.01.2018 का संदर्भ लेने का कष्ट करें। उक्त सम्बंध में आपको अवगत कराना है कि मैसर्स भारत पैट्रोलियम कार्पोरेशन लिमिटेड, मेरठ द्वारा गाटा नं0 325, ग्राम पवांसा, तहसील व जनपद सम्भल पर रिटेल आउटलेट (पेट्रोल पम्प) स्थापित किये जाने के संबंध में आख्या चाही गयी है, के सम्बंध में प्रस्तावित स्थापना स्थल का निरीक्षण इस कार्यालय के अनु0सहा0 श्री राजीव कुमार द्वारा दिनांक 27.01.2018 किया गया। निरीक्षण आख्या संलग्न है। निरीक्षण आख्या के अनुसार रिटेल आउटलेट (पेट्रोल पम्प) स्थापना हेतु जिला प्रशासन के स्तर से जारी किये जाने वाले अनापत्ति प्रमाण पत्र पर पर्यावरणीय दृष्टिकोण से निम्नलिखित शर्तें आरोपित किया जाना उचित होगाः-

1. प्रस्तावित रिटेल आउटलेट (पेट्रोल पम्प) में भण्डारण से किसी प्रकार का उत्प्रवाह एवं उत्सर्जन जनित नहीं किया जाएगा।
2. प्रस्तावित रिटेल आउटलेट (पेट्रोल पम्प) में डी.जी. सेट की स्थापना एकास्टिक एन्क्लोजर एवं एग्जास्ट की चिमनी की चिमनी की ऊंचाई पर्यावरण (संरक्षण) अधिनियम, 1986 में अधिसूचित मानकों के अनुरूप सुनिश्चित की जाए।

आख्या आपके अवलोकनार्थ एवं अग्रिम आवश्यक कार्यवाही हेतु सादर प्रेषित है।

संलग्नकः यथोपरि।

भवदीय

(आर.के. सिंह)
क्षेत्रीय अधिकारी

0.04797

कुमार अविनाश
प्रादेशिक प्रबन्धक (रिटेल)
भारत पेट्रोलियम कार्पोरेशन लिमिटेड
आगू का मकबरा, केसर गंज
मेरठ-250002 (उ0प्र0)

Sanjay Anand
Territory Manager (Retail)
Bharat Petroleum Corporation Ltd
Bareilly Territory

1.5

अपर जिला मजिस्ट्रेट (वि/रा) महोदय, सम्भल के पत्रांक 387/एल.बी.सी./2017–18/अ.आ.प्र.पत्र दिनांक 12.01.2018 के संदर्भ में गाटा नं0 325, ग्राम पवांसा, तहसील व जनपद सम्भल पर मैसर्स भारत पैट्रोलियम कार्पोरेशन लिमिटेड, मेरठ के रिटेल आउटलेट (पेट्रोल पम्प) हेतु अनापत्ति प्रमाण पत्र के सम्बन्ध में निरीक्षण आख्या–

उपरोक्त संदर्भ में प्रस्तावित स्थल का निरीक्षण दिनांक 27.01.2018 को किया गया। निरीक्षण के समय श्री मुनेन्द्र सिंह पुत्र श्री मदन सिंह प्रतिनिधि के रूप में उपस्थित थे। निरीक्षण के समय निम्न तथ्य प्रकाश में आये–

1. प्रस्तावित स्थल पर मैसर्स भारत पैट्रोलियम कार्पोरेशन लिमिटेड के रिटेल आउटलेट (पेट्रोल पम्प) हेतु गाटा सं. 325 ग्राम पवांसा, तहसील व जनपद सम्भल पर स्थापित किया जाना प्रस्तावित है।
2. उक्त प्रस्तावित स्थल के पूरब दिशा में श्री डालचन्द्र का खेत, पश्चिम दिशा में बहजोई–सम्भल मार्ग, उत्तर दिशा में चक रोड एवं पुलिस चौकी दूरी लगभग 300 मीटर दक्षिण दिशा में श्री डालचन्द्र का खेत एवं ग्राम पवांसा दूरी लगभग 500 मीटर व अन्य में कृषि योग्य भूमि स्थित है।
3. निरीक्षण के समय प्रस्तावित स्थल किसी प्रकार का निर्माण कार्य होता नहीं पाया गया।
4. प्रस्तावित स्थल रिटेल आउटलेट (पेट्रोल पम्प) की स्थापना हेतु पर्यावरणीय दृष्टिकोण से उपयुक्त प्रतीत होता है।

उपरोक्त तथ्यों को दृष्टिगत रखते हुए प्रस्तावित रिटेल आउटलेट को जिला प्रशासन से जारी की जाने वाली अनापत्ति प्रमाण पत्र पर पर्यावरणीय दृष्टिकोण से निम्नलिखित शर्तें अधिरोपित किया जाना उचित होगा–

1. प्रस्तावित रिटेल आउटलेट (पेट्रोल पम्प) में भण्डारण से किसी प्रकार का उत्प्रवाह एवं उत्सर्जन जनित नहीं किया जाएगा।
2. प्रस्तावित रिटेल आउटलेट (पेट्रोल पम्प) में डी.जी. सेट की स्थापना एकास्टिक एन्क्लोजर एवं एग्जास्ट की चिमनी की चिमनी की ऊंचाई पर्यावरण (संरक्षण) अधिनियम, 1986 में अधिसूचित मानकों के अनुरूप सुनिश्चित की जाए।

उपरोक्तानुसार आख्या आपके अवलोकनार्थ, अनुमोदनार्थ एवं अग्रिम आवश्यक कार्यवाही हेतु सादर प्रस्तुत है।

31/1/18
(राजीव कुमार)
अनु0सहा0

सहा0पर्या0अभि0/क्षेत्रीय अधिकारी महोदय
31/1/18

कुमार अविनाश
प्रादेशिक प्रबंधक (रिटेल)
भारत पेट्रोलियम कार्पोरेशन लिमिटेड
आबू का मकबरा, कैसर गंज
मेरठ–250002 (उ0प्र0)

Sanjay Anand
Territory Manager (Retail)

C.S.